# होटल में अनैतिक देह व्यापार, आठ युवतियों सहित 39 गिरफ्तार

**उदयपुर,**(कासं)। सायरा थाना क्षैत्र के विश्मा गांव में स्थित इन्द्रप्रस्थ हेरिटेज होटल पर पुलिस ने दबीश देकर वहां अनैतिक देह व्यापार करने के मामले में आठ युवतियों सहित 39 जनों को गिरफ्तार किया। इनमें दो संयोजक व होटल संचालक भी शामिल है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गोपाल चंदेल के सुपरिजवन में गठित दल ने मुखबीर से सायरा थाना क्षैत्र विस्मा गांव के पास स्थित हैरिटेज रिसोर्ट होटल इन्द्रप्रस्थ में इन्दोर निवासी राजेश शर्मा तथा ऋषभ राजपुत निवासी नई दिल्ली द्वारा रेव पार्टी आयोजन करने एवं शराब तथा मुजरा के साथ अनैतिक कार्यो के लिए दिल्ली से लडकियों को लेकर आने की सूचना पर मौके पर पहुंच कर दबीश दी। जहां से मुलाराम पुत्र गमनाराम निवासी चांद कॉलोनी सादड़ी पाली, राजेश शर्मा पुत्र रमेश निवासी मानवता नगर कनाडिया इन्दौर एमपी, रिषभ पुत्र राजेश निवासी रामनगर इक्सटेंशन सादरा नई दिल्ली, गोविंद गुप्ता पुत्र परमात्मा निवासी मुबारक पुर नई दिले, ओमप्रकाश पुत्र हजरत निवासी सेमराखुर्द आरोन गुना एमपी, राय बहादुरसिंह पुत्र विरेन्द्रसिंह निवासी अम्बा बंडिया खरगोन एमपी, अमित पुत्र गबला निवासी गुलजिरा निवासी चेनपुर खरगोन एमपी, अजय पुत्र अशोक निवासी सुंदरनगर विजयनगर इन्दौरन एमपी, विनोद पुत्र संतोष निवासी सकरखेडी विकनगांव खरगोन एमपी,चेतन पु त्रदशरथ चौधरी निवासी कमलिया सावेर इन्दौर एमपी, धीरज पटेल पुत्र रमेश्वर निवासी बोरगान खुर्द पदमनगर खडवा एमपी, आकाश पुत्र मुकेश निवासी नानियावाड़ी धार एमपी, नरेंद्र पुत्र देवराम निवासी सकरखेड़ी बिकनगांव खरगोन एमपी, सोनू पुत्र भगवानलाल निवासी कगवास विजयपुर गुना एमपी, गोतम सिंह पुत्र सुरेन्द्रसिंह निवासी फतेहगढ आगरा मालवा एमपी, शिवपालसिंह पुत्र कमलसिंह निवासी दाबड़ा राजपुर माकडोल उजजैन एमपी,पदम परिहार पुत्र धन्नालाल निवासी शिवनगर गोगावा खरगोन एमपी, अजय रघुवंशी पुत्र हरीसिंह निवासी पोरूखेड़ी नाई सरार अशोक नगर एमपी, रोहित पुत्र कमलसिंह निवासी अन्नपूर्णा कॉलोनी गुना एमपी, गौरव पुत्र कमलसिंह निवासी लसुन का बगीचा थाना केंट गुना एमपी, अमन पुत्र चन्द्रभान निवासी पगारा थाना केंट गुना एमपी, राम पटेल पुत्र भोलु निवासी बडीया थाना पधाना खण्डवा एमपी, अशोक पुत्र फुलचंद निवासी हरिहर कुंज थाना मोगट जिला खइडवा एमपी, राकेश कुमार पुत्र शंकरलाल निवासी आनंद नगर मोगर खण्डवा एमपी, प्रवीण पुत्र दिनेश निवासी हरसवाड़ा छगाव माखन खण्डवा एमपी, प्रमोद पुत्र बनवारीलाल निवासी खिरीया धरनावदा गुना एमपी, भगवतसिंह पुत्र घनश्यामसिंह निवासी रनोद शिवपुरी एमपी, सुनिल पुत्र बुंदेलसिंह निवासी सरखों बजरंगगढ गुना एमपी, धिरेन्द्र धाकड़ पुत्र प्रकाश निवासी डोगरखेड़ी बम्बोरी गुना एमपी, राजकुमार पुत्र महेन्द्रसिंह निवासी सरको थाना गजरंगगढ गुना एमपी, अर्जुन सिंह पुत्र दरबारसिंह निवासी दतीगारा थाना कांथल धार एमपी,अंशु पुत्री सग्रीव निवासी जेके कॉलोनी रघुवीर नगर पश्चिम दिल्ली हॉल रघुवीर नगर राजौरी गार्डन दिल्ली, कोमल पुत्री राजकुमार निवासी सुल्तानपुरी दिल्ली, खुशी पुत्री अनिल निवासी अलमासपुर मुजफरनगर युपी हॉल उत्तम नगर दिल्ली, रूबी पुत्री सुरेश कुमार निवासी फलपुर गांव नाथी माहुल खास आजमगढ युपी,सलमा बीबी पत्नी आलहहसन निवासी खुरदा रोड़ तरतुहा रजोरदा उडीसा, कृती पुत्री चरणसिंह निवासी कंकरखेड़ा नया गोविन्दपुरा शास्त्रीनगर मेठर युपी,पुजा पुत्र छोटेलाल निवासी आर्शीवाद नगर बडगोदगम थाना पाडेसेरा सूरत गुजरात हाल दुसरा पुस्ता कश्मीरी गेट दिल्ली,शालू पत्नी देवेन्द्र निवासी मंगोलपुरी नई दिल्ली को अनैतिक क्रियाकलाप वैष्यावृती में लिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया।

जिनमें पार्टी संयोजक आरोपी रजेश शर्मा व ऋषभ राजपुत तथा होटल संचालक मूलाराम शामिल है। पुलिस दल ने मौके से अंठोजी शराब, साउण्ड सिस्टम और वेश्यावर्ती के प्रयोग हेतु पावरप्लस टेबलेट, कंडोम व अन्य आपत्तिजनक सामठी जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है। जिसकी जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक त्वरित अनुसंधान प्रकोष्ठ उदयपुर रमेश्वर परिहार द्वारा किया जा रहा है।

## शिक्षा मंत्री दिलावर सम्मेलन में लेंगे भाग

**बांसवाड़ा**, (निसं)। प्रदेश के शिक्षा विद्यालयी/संस्कृत एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर गुरूवार रात्रि 10 बजे कोटा से प्रस्थान कर सुबह 4 बजे बांसवाड़ा पहुंचेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार सर्किट हाउस में विश्राम करने के बाद वे प्रातः 11.30 बजे लियो इंटरनेशनल संस्थान में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा आयोजित प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लेंगे तथा दोपहर 3.30 बजे कोटा के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजीव द्विवेदी ने कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर की यात्रा में प्रोटोकॉल, एस्कोर्ट एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक को प्रोटॉकोल एवं लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त किया।

कौशल नियोजन एवं उद्यिमता विभाग, राजस्थान सरकार निदेशालय, जोधपुर के आदेशानुसार जिले में इण्डिया स्किल प्रतियोगिता 2025 की जिला स्तरीय प्रथम चरण की परीक्षा 21 दिसम्बर को राजकीय औद्यागिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रातः 11 से अपराह्न 12 बजे तक आयोजित की जायेगी। उपनिदेशक प्रशिक्षण औद्यागिक प्रशिक्षण संस्थान महेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में उक्त परीक्षा में 16 कौशल क्षेत्रों में आयोजित होगी। जिसमें जिले से 83 प्रतिभागी भाग लेंगें। परीक्षा में जिला स्तर पर चयनित अभ्यर्थियों को राज्य स्तरीय दितीय चरण की परीक्षा में भाग लेने के लिए अवसर प्राप्त होगा।

## कार्यवाही नहीं करने वाला एसआई सस्पेंड,12 गिरफ्तार

**डूंगरपुर**, (निसं)। धम्बोला थाना क्षेत्र के पीठ में 16 साल की नाबालिग छात्रा के जहर खाकर जान देने के मामले में दूसरे दिनों की मांगे मान ली। पुलिस ने आरोपी सहित उसके परिवार ओर सहयोगी 12 लोगों को डिटेन कर लिया है। छात्रा की ओर से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट देने के बाद भी कार्रवाई नहीं करने वाले पीठ चौकी के एसआई को सस्पेंड कर दिया है। पीडित परिवार को 11 लाख का मुआवजाए परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी देने ओर आरोपियों के घर के पट्टे की जांच की मांगे मानने के बाद लोग धरने से उठ गए। इसके बाद गमगीन माहौल में छात्रा के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

पीठ निवासी नाबालिग छात्रा ने 16 दिसंबर की शाम के समय जहर खा लिया था। तबीयत खराब होने पर उसे पहले सीमलवाडा ओर फिर डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए थे। तबीयत बिगडने पर उसे उदयपुर अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान कल 17 दिसंबर को छात्रा की मौत हो गई थी। इसके बाद से ही पीठ कस्बे में माहौल बिगडने लगा था। बडी संख्या में सर्वसमाज के लोगो ने पीठ चौकी के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए बैठ गए। इसके बाद से आरोपियों की गिरफ्तारी, घर पर बुलडोजर चलाने, मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर लोग आक्रोशित हो गए।

गुरुवार को सुबह से जिलेभर से सर्वसमाज के लोग पीठ में इकट्ठे होने लगे। भारी पुलिस बल को तैनात कर दिया। आक्रोशित लोग एक बार आरोपियों के घरों पर जाने का भी प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया तो पुलिस के साथ धक्का मुक्की भी हुई। दोपहर को आईजी गौरव श्रीवास्तव,कलेक्टर अंकित कुमार सिंह,जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार पीठ पहुंचे। जहां पीडित परिवार के साथ ही सर्वसमाज के लोगो की बैठक हुई, जिसमें मांगों पर वार्ता चली।

पीडित परिवार के लिए 5० लाख का मुआवजा देने की मांग की गई, लेकिन सरकार के नियमानुसार 11 लाख रुपया का मुआवजा देने पर सहमति बनी। वहीं, छात्रा की रिपोर्ट के बाद भी कार्रवाई नहीं करने वाले पुलिस अधिकारी को सस्पेंड करने की मांग रखी। इस पर एसपी मनीष कुमार ने बताया पीठ चौकी के एसआई मणिलाल को सस्पेंड कर दिया है। वहीं, परिवार के एक सदस्य को संविदा नौकरी देने का आश्वासन दिया। आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग पर अधिकारियों ने उनके घरों के पट्टे की जांच के बाद गलत होने पर आगे की कार्रवाई का भरोसा दिलाया।


**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.7( )B.PLAN/MISC/2025-26/ **आम सूचना** दिनांक : 18/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/योजना | खसरा संख्या/ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री पुष्पेन्द्र भाणावत पिता श्री निर्मल भाणावत | भुवाणा | 3386, 3387, 3531, 3532, 3536 से 3538, 3540 से 3547, 3550 एवं 3548, 3549, 3552 से 3558 | 07 | 3827.00 वर्गफीट | मीरा नगर ब्लॉक-बी की 80 फीट सड़क पर डॉ. महिमा मल्टी स्पिशलिस्ट डेन्टल केयर के सामने स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**



**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.7( )B.PLAN/MISC/2025-26/1976 **आम सूचना** दिनांक : 16/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/योजना | खसरा संख्या/ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री ईश्वर सिंह यदुवंशी पिता श्री रतनसिंह यदुवंशी | मनवा खेड़ा | 1480 से 1483 | 21 पार्ट + 22 | 3243.00 वर्गफीट | राणावत पोल्ट्री फार्म से बणजारा बस्ती को जाने वाली 120 फीट सडक पर सनराईज हॉस्पिटल के समीप स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**


## भंडार से 14.65 लाख निकले

**कपासन,** (निसं)। मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री शनिमहाराज आली के मासिक भंडार गुरुवार को खोले गए। इन भंडारों से 14 लाख 65 हजार 865 रुपए की भेंट राशि प्राप्त हुई है। हालांकि, सिक्कों की गिनती अभी बाकी है।

श्री शनिमहाराज आली में हर महीने अमावस्या से पहले चतुर्दशी पर भंडार खोले जाते हैं। तीर्थ स्थल प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के सचिव कालू सिंह चौहान ने बताया कि गुरुवार सुबह श्री शनिदेव की विशेष पूजा अर्चना के बाद भंडार खोले गए। कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह, उपाध्यक्ष माधुलाल जाट, संरक्षक पवन कुमार सांखला और कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा की मौजूदगी में मुख्य मंदिर, नवठाह मंदिर और तेल कुंड के भंडारों से भेंट राशि निकाली गई।

## गिट्स एवंफ्यूजन बिजनेस सोलूशन्स प्रालि में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सपोर्ट हेतु करार

■ अत्याधुनिक प्रशिक्षण एवं विकास केंद्रों की स्थापना कर छात्रों और शिक्षकों को नवीन तकनीकों एवं व्यावसायिक कौशल से सुसज्जित किया जाएगा।

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर एवं प्रमुख एमएनसी कंपनी फ्यूजन बिजनेस सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सपोर्ट हेतु करार हुआ. यह करार में गीतांजलि ग्रुप की निदेशक मिस कनिका अग्रवाल एवं फ्यूजन बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की सीईओ एवं संस्थापक मिस श्वेता दुबे के मध्य आवश्यक दस्तावेजों के आदान-प्रदान के माध्यम से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ एस एम प्रसन्ना कुमार ने बताया कि इस करार के अंतर्गत फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, एक्सपर्ट टॉक एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही अत्याधुनिक प्रशिक्षण एवं विकास केंद्रों की स्थापना कर छात्रों और शिक्षकों को नवीन तकनीकों एवं व्यावसायिक कौशल से सुसज्जित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, नवाचार उद्यमिता एवं इनक्यूबेशन से संबंधित गतिविधियों में भी दोनों संस्थान मिलकर कार्य करेंगे।

ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट हेड डॉ अरविन्द सिंह पेमावत ने इस समझौते को गिट्स के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण प्लेसमेंट उपलब्ध कराएगा साथ ही विद्यार्थी इंडस्ट्रियल वातावरण से रूबरू होंगे। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक बी एल जागिंड ने कहा कि इंडस्ट्री और एकेडेमिया के बीच की दूरी को कम करना आज की सबसे बडी चुनौती है, और यह साझेदारी उसी 3दिशा में एक सशक्त कदम है। इस कार्यक्रम में फ्यूजन बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट शक्ति सिंह शेखावत एवं कुलदीप भटनागर सहित दोनों ग्रुपस के प्रमुख मेंबर्स उपस्थित रहे।

## समीक्षा बैठक आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कलक्ट्रेट मिनी सभागार में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर नमित मेहता एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्र सिंहराठौड़ भी मौजूद रहे।

केबिनेट मंत्री खराड़ी ने जनजाति क्षेत्रों में फॉरेस्ट क्लीयरेंस के अभाव में लंबित सड़क निर्माण प्रकरणों की बिंदुवार जानकारी लेते हुए उनकी वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जनहित को सर्वापरि रखते हुए इन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए। मंत्री खराड़ी ने कहा कि राज्य सरकार के स्तर पर विचाराधीन मामलों में संबंधित मंत्रीगण एवं अधिकारियों से समन्वय कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएग उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी आपसी समन्वय रखते हुए संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर संबंधित प्रकरणों का अध्ययन करें तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए जनजाति क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।


**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001

दुरभाष सं-0294-2421255,2420013 Helpline No 0294-2426262 E mail :- ceoudr.lsg@rajasthan.gov.in
क्रमांक संस्था/जा/2025-26/708 दिनांक :- 09.12.2025

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **कमला कुवर पुत्री हालु सिंह** नगर निगम, उदयपुर की **निर्माण शाखा में बेलदार** के पर के पद पर कार्यरत थी। इनकी मृत्यु दिनांक 30.01.2016 को हो जाने से इनके पुत्री **जशोदा कुमारी** निवासी वार्ड 5 ग्रव अईडाणा तहसील आमेट जिला राजसमन्द ने मृतक आश्रित अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के अन्तर्गत दिनांक **26.5.2017** को **चतुर्थ श्रेणी** के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इनको नियुक्ति देने के सम्बन्ध में किसी को भी कोई आपत्ति हो तो मय साक्ष्य दस्तावेज के अन्दर म्याद 15 दिन में नगर निगम की संस्थापन शाखा में प्रस्तुत करे । बाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाकर आवेदक को नियुक्ति देने की कार्यवाही की जावेगी।

सूचित हो।

राज.संवाद/सी/25/16022 आयुक्त



प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द**

सं. 4118 **लोक सूचना** दिनांक: 16.12.2025

श्री गोदाराम पिता श्री मोहनराम मेघवाल निवासी मेघवालों का बास चावंडिया कला तहसील रिया बडी जिला नागौरइस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात् -

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजसमंद | पसून्द | 1881/1858 | रकबा 0.1012 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 16.12.25 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगरपरिषद, राजसमन्द



प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द**

सं. 4120 **लोक सूचना** दिनांक: 16.12.2025

श्रीमती संतोष पत्नी श्री रामनिवास मेघवाल निवासी मेघवालों का बास चावंडिया कला फतहसील रिया बडी जिला नागौर इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात् -

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजसमंद | पसून्द | 1882/1858 | रकबा 0.1012 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 16.12.25 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगरपरिषद, राजसमन्द


## एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के संघटक महाविद्यालय विज्ञान संकाय की ओर से साइ-वाइब, विज्ञान, विजन, कौशल एवं नवाचार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि समाज और तकनीक के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। उन्होंने थॉमस एडिसन एवं आइजैक न्यूटन के उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों का आव्हान किया कि असफलताएँ अनुभव का आधार होती हैं, अपनी जिज्ञासा को बनाये रखे। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है जिसका आधार ही रिसर्च है।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए निदेशक डॉ. सपना श्रीमाली ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, करियर के प्रति स्पष्टता प्रदान करना तथा नवाचार को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यशाला को तीन प्रमुख शैक्षणिक सत्रों में आयोजित किया गया, जिनमें बायोटेक्नोलॉजी आधारित करियर सेमिनार, भौतिकी की स्किल ट्रेनिंग कार्यशाला तथा अंतर-विद्यालय नेक्स्ट जेन साइंस पोस्टर प्रतियोगिता शामिल रही।

राजस्थान विद्यापीठ में साइ-वाइब , विज्ञान, विजन, कौशल एवं नवाचार पर विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा बायोटेक्नोलॉजी, करियर संभावनाएँ एवं अन्य अवसर विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में उकातरसड़िया यूनिवर्सिटी, बारडोली गुजरात के डॉ. गोपाल जी. गोपाल ने विद्यार्थियों को बायोटेक्नोलॉजी के उभरते क्षेत्रों, अनुसंधान, उद्योग, स्वास्थ्य एवं स्टार्टअप्स में उपलब्ध करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उच्च शिक्षा, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फैलोशिप, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा शोध उन्मुख करियर मार्गों पर भी प्रकाश डाला।

द्वितीय शैक्षणिक सत्र में भौतिकी विभाग द्वारा स्किल ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र में विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले वैज्ञानिक उपकरणों, उनके कार्य सिद्धांतों तथा भविष्य में विभिन्न तकनीकी एवं औद्योगिक क्षेत्रों में उनके संभावित अनुप्रयोगों से अवगत कराया गया।

## राउमावि अमरथुन में हुई कृषि विज्ञान कार्यशाला

**बांसवाड़ा,** (निसं)। राउमावि अमरथून में राज्य सरकार के दो वर्ष के पूर्ण होने पर जन कल्याण सप्ताह की शुरुआत कार्यशाला कृषि विज्ञान विशेषज्ञ नरेश सिंह शेखावत जयपुर के मुख्य आतिथ्य, फोरेंटर अमरथून मणिलाल रावत, सु सिंह के विशिष्ठ आतिथ्य और अरुण व्यास की अध्यक्षता में हुई।

विभिन्न कार्यक्रमों के तहत् रैली, विभिन्न स्थानों पर समारोह की शुरूआत की गई। ठाम पंचायत नोडल स्तरीय निपुण मेले एवं मेगा पीटीएम के आयोजन में एसएमसी, एसडीएमसी, पीटीए, छात्र संसद पदाधिकारी के अलावा जनप्रतिनिधि, अभिभावकों, पूर्व छात्रों ने सम्मिलित होकर नोडल के छात्र कल्याणकारी योजनाओं पर 23 दिसम्बर को चर्चा करेंगे। इसके लिए निर्देश, कार्य विभाजन कर आवश्यक तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई हैं। संस्था प्रधान अरुण व्यास ने बताया कि आयोजन के दौरान ऑटोमेटिव एजुकेशन इन वेरियंट्स इन स्कूल एजुकेशन, लाईट हाउस पर नामांकन, मोबाइल सेफ्टी एवं साईबर सुरक्षा सन्दर्भ के बारे में वार्ताएं, प्रतियोगिताएं, रंगोली मेंहदी, बालिका शिक्षा की थीम पर चार्ट निर्माण, एफएलएम थीम पर सामुदायिक सहभागिता निर्वहन के लिए अभिभावक ग्रामीण जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। प्रतियोगिता रंगोली मेंहदी चार्ट निर्माण के अलावा व्यावसायिक शिक्षा के अनुरूप विज्ञान विषय के मॉडल, रॉकेट निर्माण तकनीकी के अलावा राज्य सरकार के अभूतपूर्व शिक्षा में दो साल विषयक ग्रामीणों की संगोष्ठी भी होगी। तैयारियों को लेकर 5 सदस्यीय समिति गठित कि गई हैं जिसमें प्रज्ञा अधिकारी संयोजक, रैना निनामा सह संयोजक, कचरू लाल चरपोटा प्रभारी, मयूर पडियार, मुकेश पटेल को सदस्य बनाया गया हैं। ग्राम पंचायत अमरथून प्रभारी कचरू लाल चरपोटा ने बताया कि निपुण मेले और मेघा पीटीएम में पंचायत स्तरीय बीएलओ के सानिध्य में पात्र नवीन मतदाताओं के आवेदन पत्र भरने, आधार जनाधार ऑथेंटिकेशन, पालनहार आपकी बेटी योजना निःशुल्क स्कूटी सहित कई आवेदन पत्र, प्रार्थना पत्र भरने में सहयोग किया जाएगा।

## अपराधिक प्रवृत्ति के 259 बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। पुलिस ने सात सौ दस से अधिक स्थानों पर दबीश देकर अपराधिक प्रवृत्ति के दो सौ उनसाठ बदमाशों को गिरफ्तार किया।महानिरीक्षण पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव व जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अपराधिक घटनाओं के रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की धरपकड करने व रेड़ एरिया डोमिनेस की कार्यवाही करने के के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, अंजना सुखवाल एवं जिले के सभी पुलिस उप अधीक्षकों के सुपरविजन में प्रत्येक थानाधिकारियों के नेतृत्व में करीब प्रत्येक थानाधिकारियों के नेतृत्व में करीब 102 टीमों में 446 से अधिक पुलिस अधीकारी एवं कर्मचारियों ने गुरूवार तडके जिले में करीब 710 से अधिक स्थानों पर दबीश दी। इस दौरान 259 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनमें आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट,डकैती सहित अन्य अपराधें में वांछित 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।


**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज0)**
Email:- np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक : न.प.नाथ./सीएमजेएवाई/25/15632 दिनांक : 16.12.2025

**राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 के तहत् आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं अल्प आय वर्ग भूतल + 3 मंजिला जी+3/बहुमंजिला फ्लेट्स**

आवेदन शुल्क - 200/-

योजना स्थल :- धारचा, नाथद्वारा
आवेदन-पत्र विक्रय आरम्भ तिथि :- 19.12.2025 समय प्रातः 10:00 बजे
आवेदन-पत्र जमा कराने की अन्तिम तिथि :-20.01.2026 दोपहर 3:00 बजे

| क0 सं0 | आय वर्ग | कुल फ्लेट की संख्या | आवेदन के समय जमा कराये जाने वाली पंजीकरण राशि | फ्लेट का औसत निर्मित क्षेत्र (वर्गफिट) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग (EWS) | 08 | 2000 | 325 |
| 2 | अल्प आय वर्ग (LIG) | 06 | 3500 | 500 |

नोट :-
1. आवेदन-पत्र कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा के कमरा न0 04 से निर्धारित शुल्क जमा करा प्राप्त कर किये जा सकते हैं तथा पंजीयन राशि चालान/कैश से मय आवेदन-पत्र नगरपालिका नाथद्वारा के कमरा न0 04 में निर्धारित दिनांक तक अनिवार्य रूप से जमा करायें।
2. आवास आवंटन हेतु लोटरी तिथि की सूचना सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अलग से दी जावेगी।
3. आवश्यक जानकारी नगरपालिका नाथद्वारा कार्यालय में कार्य दिवस को कार्यालय समय पर प्राप्त की जा सकती हैं।
4. फ्लेट की संख्या